Roll No. ....

D–3183

B. A. (Part II) EXAMINATION, 2020

HINDI LITERATURE

Paper First

(अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 21

(क) "वे देश जो हैं आज उन्नत और सब संसार से
चौंका रहे हैं नित्य सबको नव नवाविष्कार से,
बस ज्ञान के संचार से ही बढ़ सके हैं वे वहाँ
विज्ञान बल से ही गगन में चढ़ सके हैं वे वहाँ।"

अथवा

"उपलक्ष के पीछे कभी विगलित न जीवन-लक्ष्य हो,
जब तक रहें ये प्राण तन में पुण्य का ही पक्ष हो।
कर्त्तव्य एक न एक पावन नित्य नेत्र-समक्ष हो,
सम्पत्ति और विपत्ति में विचलित कदापि न वक्ष हो॥"

(ख) "चढ़ रही थी धूप :
गर्मियों के दिन
दिवा का तमतमाता रूप;
उठी झुलसाती हुई लू,
रुई ज्यों जलती हुई भू,
गर्द चिनगीं छा गयीं,
प्रायः हुई दुपहर : –
वह तोड़ती पत्थर।"

अथवा

"मानव! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति ?
आत्मा का अपमान, प्रेत औ छाया से रति!
प्रेम-अर्चना यही, करें हम मरण को वरण ?
युग-युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर ?
मानव के मोहांध ह्दय में किए हुए घर!
भूल गए हम जीवन का संदेश अनश्वर
मृतकों के हैं मृतक, जीवितों का है ईश्वर!"

(ग) गयी सदियाँ कि यह हस्ती रही गंगा
गनीमत है कि तुमने मोड़ दी धारा
बड़ी बाढ़ोमयी उद्दण्ड नदियों की
बना दी पत्थरों वाली नयी कारा
उठो, कारा बनाओ इस गरीबी की
रहो मत दूर अपनों के निकट आओ,
बड़े गहरे लगे हैं घाव सदियों के
मसीहा इनको ममता भर के सहलाओ!

अथवा

घर
मेरा कोई है नहीं
घर मुझे चाहिए;

घर के भीतर प्रकाश हो
इसकी भी मुझे चिन्ता नहीं है;
प्रकाश के घेरे के भीतर मेरा घर हो
इसी की मुझे तलाश है
ऐसा कोई घर आपने देखा है ?

2. "मैथिलीशरण गुप्त की रचनाएँ अपने युग का प्रतिनिधित्व करती हैं।" इस कथन की विवेचना कीजिए। 12

अथवा

'निराला' के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. "सुमित्रानंदन पंत कोमल कल्पना के कवि हैं।" सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 12

अथवा

माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

अथवा

अज्ञेय के काव्य में अनुभूति एवं अभिव्यक्ति पक्षों पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(i) छायावाद की विशेषताएँ।

(ii) अयोध्यासिंह उपाध्याय की काव्य-भाषा।

(iii) श्रीकांत वर्मा का साहित्यिक परिचय।

(iv) सुभद्राकुमारी चौहान के काव्य की विशेषताएँ।

(v) नयी कविता।

(vi) गुप्तजी के काव्य में खड़ी बोली।

(vii) प्रयोगवादी काव्य की विशेषताएँ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई **पन्द्रह**) : 15

(i) गुप्तजी की किन्हीं **दो** रचनाओं के नाम लिखिए।

(ii) 'राम की शक्तिपूजा' नामक कविता के कवि का नाम लिखिए।

(iii) 'प्रयोगवाद' और 'नई कविता' के प्रवर्तक का नाम लिखिए।

(iv) पंतजी किस युग के कवि थे ?

(v) 'उलाहना' कविता में कवि ने किस पर व्यंग्य किया है ?

(vi) किस कविता के कारण सुभद्राकुमारी चौहान को ख्याति मिली थी ?

(vii) 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए।

(viii) छायावाद के किन्हीं **दो** कवियों के नाम लिखिए।

(ix) 'तोड़ती पत्थर' नामक कविता के रचयिता का नाम लिखिए।

(x) राष्ट्रीय काव्यधारा के किन्हीं **दो** कवियों के नाम लिखिए।

(xi) शोषक और शोषित किस वाद का विषय है ?

(xii) 'निराला' जी का पूरा नाम लिखिए।

(xiii) 'मैं बेच रही हूँ दही' कविता में किसका चित्रण है ?

(xiv) 'बादल' नामक कविता के रचयिता का नाम लिखिए।

(xv) हिन्दी खड़ी बोली का पहला महाकाव्य किसे माना जाता है ?

(xvi) श्रीकांत वर्मा की किन्हीं **दो** रचनाओं के नाम लिखिए।

(xvii) 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से किस कवि को जाना जाता है ?